सन् 1998 से लगातार प्रकाशित

जहाज मन्दिर

आचार्य श्री जिनकान्तिसागरसूरीश्वरजी म.सा.

अधिष्ठाता - पूज्य आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.

▪ वर्ष : 15 ▪ ▪ अंक : 2 ▪ ▪ 5 मई 2018 ▪ ▪ मूल्य : 20रु. ▪

कटला मन्दिर जयपुर, प्रतिष्ठा महोत्सव

दशम् पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धा सुमन

जन्म : 21.9.1946

स्वर्गवास : 9.5.2008

श्री भंवरलालजी संकलेचा

सुपुत्र श्री धरमचन्दजी संकलेचा (रासोणी) मरूधर में पादरू

विनम्रता...आत्मीयता...दिव्यता...सौम्यता...स्नेह...सद्‌भाव... के धनी मानवीय गरिमा को उन्नत बनाने वाले, उच्च जीवन को आपने समग्रता एवं व्यापकता के साथ जीया तथा उसी सर्वश्रेष्ट एवं सर्वोतम को सबके साथ बांटा... संकलेचा परिवार आपकी स्मृतियों की अनमोल विरासत को हृदय की अंतरंग गहराई से संजोये हुये है। हम सब आपकी दिव्य आत्मा की शांति-समाधि की प्रार्थना करते है।

श्रद्धानवत :

धर्मपत्नी मोहिनी देवी

पुत्र-पुत्रवधु : ललितकुमार-ललितादेवी

राजकुमार-संगीतादेवी

कैलाशकुमार, गौतमचन्द-शिल्पादेवी

पौत्र-पौत्रवधु : मनीषकुमार-सौ. सोनू देवी

पौत्री-जंवाई : निकिताबाई-नवीनकुमारजी बाफना

पौत्र-पौत्री : मिशाल, रूचिका, काजोल, ईशीता

परदोहिता : प्रीत बाफना

फर्म :

नवनिधि इन्टरप्राईजेज

384, मिन्ट स्ट्रीट, ऑफिस नं. 29, दूसरा माला,
चैन्नई - 600079 फोन : 044-25291795

रूपम् कलेक्शन्स

15-8-485, फिलखाना, ओमश्री सांई कॉम्पलेक्स,
हैदराबाद फोन : 040-24612258

आगम मंजूषा

भगवान महावीर

समया सव्वभूएसु सत्तुमित्तेसु वा जगे।
पाणाइवायविरई जावज्जीवाए

– दशवैकालिक 6/23

शत्रु हो या मित्र संसार के सभी जीवों के प्रति सम्भाव रखना और यावज्जीवन प्राणातिपाल की विरति करना अत्यंत कठिन कार्य है।

The Practise equanimity towards all the persons in the word. Whether a friend or an enemy. and to practise non-vioience towards all the living beings. throughout one's life is very difficult.

अनुक्रमणिका

1. नवप्रभात	गच्छा. आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरिजी म.	04
2. सोलह सतीयाँ कथानाक भाग 3	मुनि मनितप्रभसागरजी म.	05
3. सफल जीवन की बातें...	मुनि मनितप्रभसागरजी म.	07
4. मजदूर के जुते	मुमुक्षु शुभम् लूंकड़, जोधपुर	12
5. समाचार दर्शन	संकलन	13
6. सम्मानीय संस्था संरक्षक सूचि		24
7. सम्माननीय संरक्षक सूचि		25
8. जटाशंकर	आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.	30

वांचना शिविर

सभी के लिये

वांचना शिविर

ता. 1 जून से 5 जून 2018 तक
बाड़मेर कुशल वाटिका में
आप सभी अवश्य पधारें।

निवेदक
अ. भा. खरतरगच्छ युवा परिषद्
केयुप

जहाज मन्दिर

मासिक

अधिष्ठाता
खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत
श्री मज्जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.

वर्ष : 15 अंक : 2 5 मई 2018 मूल्य 20 रू.

प्रधान संपादक :
डॉ. यू.सी. जैन (महामंत्री)

जहाज मन्दिर में प्रकाशित रचनाकारों द्वारा व्यक्त विचारों से सम्पादक / प्रकाशक की सहमति आवश्यक नहीं है

सदस्यता शुल्क

संस्था संरक्षक	:	21,000 रूपये
मानद संरक्षक	:	11,000 रूपये
15 वर्षीय सदस्यता	:	2500 रूपये
12 वर्षीय सदस्यता	:	2000 रूपये
6 वर्षीय सदस्यता	:	1000 रूपये
त्रिवार्षिक सदस्यता	:	500 रूपये
वार्षिक सदस्यता	:	200 रूपये

सदस्यता, विज्ञापन व सहयोग राशि
ICICI की किसी भी शाखा में
SHRI JIN KANTI SAGAR SOORI SMARK TRUST
BANK - ICICI JALORE
ACCOUNT NO. 065301000256
IFSC CODE - ICIC0000653

सम्पर्क सूत्र / प्रकाशक

श्री जिनकांतिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट
जहाज मन्दिर
माण्डवला - 343042, जिला-जालोर (राज.)
फोन : 02973-256107, 256192, 9649640451
E-mail : jahaj_mandir@yahoo.co.in
www.jahajmandir.com
www.jahajmandir.org

विज्ञापन हेतु हमारे प्रचार मंत्री
कैलाश बी. संखलेचा, चैन्नई
से संपर्क करावें।
मो. 094447 11097

नवप्रभात

गंभीरता जीवन का महत्वपूर्ण गुण है। सच तो यह है कि यह गुण ही व्यक्ति को जीने का आनंद देता है। इसके अभाव में व्यक्ति सुखी भले हो जाय, पर आनंदित नहीं हो सकता।

गंभीरता जीवन को कला देती है। उसे महान् बनाती है।

वर्तमान की एक सबसे बड़ी समस्या उच्छृंखलता है। उच्छृंखलता को ही व्यक्ति अपनी महानता व निडरता के रूप में परिभाषित करने लगा है। उसे उसके परिणामों की कोई चिंता नहीं है।

परिणाम कुछ भी हो... भले किसी और के हजार का नुकसान हो... उसकी कोई परवाह नहीं होती। उसे तो अपने पूर्वाग्रह की स्थापना से मतलब है। व्यक्ति दूसरों के हजार का नुकसान करने के लिये अपने हजार का नुकसान करके भी प्रसन्नता का अनुभव करता है।

यही कारण है कि व्यक्ति की अपनी भाषा व सोच पर से गंभीरता व विवेक का नियंत्रण समाप्त हो गया है।

कभी भी, कहीं भी, किसी के लिये भी, कुछ भी बोलने/लिखने में व्यक्ति को कोई संकोच का अनुभव नहीं होता।

न वह सत्यता की परीक्षा करता है, न सत्यता के साथ उसका कोई संबंध है।

वह अपनी पूर्वाग्रह-दृष्टि के आधार पर घटना को यथेच्छित स्वरूप कर शब्दों का छल उपस्थित करता है।

उसे बाद में जब सत्य का परिचय होता है, तब भी असत्य भाषण अथवा लेखन के लिये उसके चेहरे पर पश्चात्ताप की शिकन तक नहीं आती।

पश्चात्ताप की बात तो बहुत दूर, वह अपने असत्य अथवा अर्धसत्य को पूर्णसत्य सिद्ध करने के लिये तर्कों/कुतर्कों का सहारा लेना पसन्द करता है।

असल में उसे सत्यता का पहले से ही ख्याल होता है। केवल अपने पूर्वाग्रहयुक्त विचारों को फैलाना ही उसका एकमात्र लक्ष्य होता है।

उसकी दृष्टि में सत्य वह नहीं, जो है। बल्कि सत्य वह है, जो वह मानता है। अपनी सोच व समझ को सत्य व गंभीरता के अमृत से सिंचित करने में ही जीवन की सार्थकता है।

सोलह सतीयाँ
कथानक
4

विलक्षण वैराग्यवती सती सुन्दरी

मुनि मनितप्रभसागरजी म.सा.

(गतांक से आगे...)

भैया! जब मेरे ही अन्तराय कर्म का उदय था, तब भला इसमें तुम्हारा क्या दोष?

'बीती ताहि विसारि दे, आगे की ले सुध' जो होनी थी, हो गयी । अब बस शीघ्र ही मेरी भावना को सफल करो।

नगर सजा, घर सजा, महल और उद्यान सजे। महामहोत्सवपूर्वक सुन्दरी प्रभु के चरणों में सर्वात्मना समर्पित हो गयी और ज्येष्ठ भगिनी के सानिध्य में चारित्र के सोपान चढ़ने लगी।

और इधर एक दिन....

महाराज की जय हो, विजय हो। कहते हुए सुषेण सेनापति ने चक्रवर्ती सम्राट् का अभिवादन किया।

तुम्हारे माथे पर ये पसीने की बूँदें कैसी?

महाराज! आपकी कृपा से सब कुछ कुशल है पर चक्र रत्न आयुधशाला में प्रविष्ट नहीं हो रहा।

क्या? चक्र रत्न आयुधशाला में प्रविष्ट नहीं हो रहा?

हाँ चक्रीश्वर!

समस्त राजमुकुट हमारे चरणों में नत-प्रणत हो चुके, फिर यह व्यवधान कैसा?हमारी विश्व-विजय तो हो चुकी।

नहीं....नहीं महाराज! आप भूल कर रहे हैं?

कैसी भूल? भरत ने विस्मित हो प्रश्न पूछा।

महाराज! जब तक आपके 99 अनुज अलग-अलग राज्याधिपत्य लेकर बैठे हैं, तब तक दिग्विजय का यह डंका अधूरा ही समझिये।

तो फिर उन्हें शीघ्र ही सूचित किया जावे कि वे स्वतंत्र सम्राट्-पद को त्याग कर सामन्त राजा के रूप में अपनी अधीनता स्वीकार करें।

जो आज्ञा महाराज! आज ही चक्रीश्वर के दूत के साथ संदेश को भेज दिया जायेगा।

98 भाई अग्रज के आज्ञा-पत्र को सुनकर चकित हुए बिना न रहे। अरे! बड़े भैया को इतना बड़ा राज्य मिला है, विश्व विजेता बनकर भी उनकी भूख शान्त नहीं हुई, जो वे हमारे राज्यों पर भी अधिकार जमाना चाहते हैं?

पर हमारा भी स्वतंत्र अस्तित्व है। परतन्त्र होकर जीना भी कोई जीना है।

तो क्या हम समर-स्थली में आमने-सामने हो जाये?

नहीं....नहीं.... यह भी उचित नहीं है। भोग विजेता के पुत्र होकर यदि हम राजवैभव के लिये अग्रज से युद्ध करते हैं तो यह भी हमारी अधमता ही होगी।

98 भ्राता चल पड़े प्रभु ऋषभदेव की शरण में।

प्रभो! रास्ता दिखाइये। एक तरफ स्वतन्त्रता का हनन है तो दूसरी और इक्ष्वाकु कुल की महान् परम्परा को कलंकित करने वाली तुच्छता।

हम क्या करें ? जब हमें युद्ध और अधीनता, दोनों ही स्वीकार्य नहीं ।

वत्स! अपने साम्राज्य के स्वामी बनो। ऐसा सिंहासन हासिल करो, जिसे कोई हड़प न सके। आत्मा को पहचान कर सच्ची स्वतन्त्रता हेतु प्रयत्नशील बनो।

प्रभु से प्रतिबुद्ध हो 98 भ्राता दीक्षित हो दिव्य सिद्ध-पद के पथ पर चल पड़े।

यह सुनकर भरत अत्यन्त शर्मिन्दा हुए कि मैं प्रभु का कैसा अधम पुत्र, जो भाईयों के राज्य को हड़पने चला और वे कैसे महान् पुत्र, जो समस्त राज वैभव को ठोकर मारकर ठाकुर बनने चल पड़े।

इधर बाहुबली ने जब चक्रवर्ती सम्राट् की आज्ञा सुनी तो कुपित हुए बिना न रहा-मेरा बड़ा भाई होकर मुझ पर ही अधिकार जमाने चला है। इतनी विपुल सम्पदा और विशाल

साम्राज्य को पाकर भी उसकी प्यास नहीं बुझी, धिक्कार है उसकी तुच्छ मनोवृत्ति को।

नहीं....नहीं....महाराज! यह तो विश्व एकता का एकसूत्री कार्यक्रम है। सम्पूर्ण मानव जाति को सुख और शान्ति की समान छाँव मिले, इसलिये चक्रीश्वर का यह फरमान है। आप उन्हें गलत समझ रहे हैं।

ओहो....हो...हो...! विश्व शान्ति की स्थापना या हजारों बेकसूर मानवों को इच्छा की महावेदी पर होमने का बर्बर भर्त्सना योग्य कलंक।

लाखों लोगों के सिर पर तलवार चलाकर विश्व मैत्री की स्थापना का महान् मंत्र कोई चक्रीश्वर से ही सीखे।

महाराज! यदि आपने उनकी अधीनता स्वीकार न की तो युद्ध के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचेगा।

जा....जा! कह देना अपने चक्रवर्ती से कि बाहुबली तुम्हारी खोखली धमकियों से डरने वाला नहीं। 98 भाईयों के राज्य को तलवार की धार पर हड़पने में उसकी कोई महानता नहीं। वह जब समर-आँगन में बाहुबली के क्षात्र तेज को देखेगा तब पता चलेगा कि मुकाबला क्या होता है। भरत को बाहुबली से इस प्रकार के व्यंग्य, कटाक्ष और धमकी भरे प्रत्युत्तर की जरा भी आशंका नहीं थी।

पर अब क्या करें?

एक तरफ भाई है, दूसरी ओर चक्रवर्तीत्व!

किसे छोड़े....किसे स्वीकार करें।

चक्रीश्वर भरत! आप यह क्या कह रहे हैं?बाहुबली भले ही स्वतन्त्र राज्य करें! पर इससे तो चक्रवर्तीत्व की सुदीर्घ यात्रा अधूरी ही कही जायेगी।

भले कही जाये। पर मैं अनुज के साथ रण-मैदान में उतर जाऊँ, यह कदापि सम्भव नहीं।

पर महाराज! यह अनादिकाल से चली आ रही दिव्य परम्परा का सरासर अपमान है। प्रश्न आपका नहीं, चक्रवर्ती पद की तौहीन का है।

दिग्विजय की अधूरी यात्रा का जब-जब इतिहास पन्नों पर अंकन होगा तब-तब इसे आश्चर्यकारी घटना के रूप में नहीं, लज्जास्पद घटना के रूप में अंकित किया जायेगा। अन्ततोगत्वा बाहुबली के विरूद्ध युद्ध का बिगुल फूंक दिया गया।

दोनों की सेनाएँ समर-क्षेत्र में आ खड़ी हुई। अश्व हिनहिना उठे। हाथी चिंघाड़ने लगे। रथ के पहियों में जैसे विद्युत्-तरंगें झंकृत हो उठी।

हजारों हजारों का हय-गय-रथ दल! एक तरफ अग्रज, दूसरी तरफ अनुज। दोनों महाप्रभु ऋषभ की संतान। लाखों की संख्या में प्रेक्षक। आँखों में भय, मन में आशंका और हृदय में उत्कंठा। नभमण्डल में उतर रहे थे सहस्र देव-विमान।

भरत और बाहुबली, दोनों ही चिंतन में थे।

रणभेरी बजी नहीं और संग्राम छिड़ा नहीं।

हजारों-लाखों निर्दोष प्राणियों का भूमि को रक्तदान! जब दो भाईयों की इच्छाओं से संघर्ष की चिंगारी फूटी है तो युद्ध भी उन दो में ही हो। भला क्यों हजारों माताओं को पुत्रविहीन, बहिनों को भ्राता-विहीन और पत्नियों को पतिविहीन किया जाये।

भरत बोला-बाहुबली! युद्ध जब हम दोनों के बीच है तो हजारों-लाखों बेकुसूरों का खून बहाने से क्या लाभ?क्यों न हम दोनों में ही मुकाबला हो जाये।

सम्राट्! मैं भी यही चाहता हूँ क्योंकि चक्रवर्ती पद की भूख तुझे है तो पाठ भी तुझे ही पढ़ाया जाये।

सैन्य समूह प्रेक्षक-वर्ग में बदल गया और अनुज-अग्रज दोनों रणभूमि में उतर आये।

सबसे पहले दृष्टि युद्ध हुआ और भरत हार गया। बाहुबली की सेना ने जयनाद से नभमण्डल को गूंजा दिया।

दण्ड युद्ध, बाहु युद्ध में क्रमशः मिली पराजय ने भरत के हौंसले पस्त कर दिये-अरे! चक्रवर्ती मैं हूँ या ये?चक्रवर्ती की आँखें निराश थी।

इतने में मुष्ठि युद्ध का प्रारम्भ हुआ। भरत ने पूरा दम लगाकर बाहुबली पर मुष्ठि प्रहार किया परंतु उसने पूरी ताकत लगाकर अपने आपको भूगर्भस्थ होने से बचा लिया।

बाहुबली मुझसे अधिक बलशाली है। कहीं ऐसा न हो कि इसके प्रहार से मेरा नामोनिशान ही न रहे। इस आतंक से भरत मन ही मन कांप उठा। जब कोई उपाय न सुझा तो प्राण बचाने के लिये उन्होंने बाहुबली पर चक्र चला दिया।

(क्रमशः)

सफल जीवन की बातें...
करेगी सुख की बरसातें

स्वभाव को दे सरसता
भाषा को दे मधुरता
चिन्तन को दे गंभीरता

मुनि मनितप्रभसागरजी म.सा.

स्वभाव को दे सरसता
भाषा को दे मधुरता
चिन्तन को दे गंभीरता

सज्जन का सत्संग, शांति के सतरंग

जीवन की सफलता का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण घटक है-सत्संग। सत् अर्थात् सत्य, साधना और संयम। इन तीनों के संग को सत्संग कहते हैं।

सत्संग का प्रभाव सर्वत्र दृष्टिगत होता है। बादल का पानी दूध में मिलकर मूल्यवान बन जाता है और सागर में जाकर कडवा व अपेय हो जाता है।

पारसमणि के सत्संग के माहात्म्य से लोहा सोना बन जाता है तथा कांच का मोती भी स्वर्णहार के मध्य कोहिनूर की भाँति चमकता है।

सत्संग से नर बनता नारायण, दानव बनता मानव और पशु बनता प्रभु। विश्वास न हो तो देखो उदाहरण इतिहास के। परमात्मा वीर के प्रभाव से चण्डकौशिक सर्प बना देव, डाकु बना संत वाल्मिकी, आर्द्रकुमार बना साधु, इन्द्रभूति गौतम बने प्रथम गणधर।

किसी ने खुबसूरत कहा है-

काजल तजे न श्यामता, मोती तजे न श्वेत।
दुर्जन तजे न दुष्टता, सज्जन तजे न हेत॥

तीन का सत्संग करे - स्वाध्याय - ग्रन्थ, सज्जन - व्यक्ति और साधु संत का।

चन्दन और चन्द्र से भी सत्संग शीतल है, जो तीर्थ स्वरूप साधुओं के सानिध्य से प्राप्त होता है। इस दुनिया में यदि शांति स्वरूप संत न होते तो द्वेष की आग में संसार जल जाता, गुरु तो दीप तुल्य है जो जीवन को रोशन करते हैं।

गुरु बिन ज्ञान न उपजे, गुरु बिन मिटे न भेद।
गुरु बिन संशय ना मिटे, भले पढ़ो चउ वेद॥
चलते फिरते तीर्थ जो, हरते सहु सन्ताप।
धन्य उसी का माथ है, जिस पर गुरु का हाथ॥

नियम लीजिये कि सत्संग छोडेंगे नहीं एवं कुसंग करेंगे नहीं। बुरी संगति से साहुकार भी चोर की भाँति दण्डनीय होता है।

(ii) रहो सदा नेक, रखो सदा विवेक

ज्ञानीजन चर्म-चक्षु से देखते जरूर हैं पर निर्णय तो विवेक-चक्षु से करते हैं। विवेक का अर्थ है- सही गलत को परखने की क्षमता। जब जीवन का तीसरा नेत्र रूप विवेक चक्षु उद्घाटित हो जाता है तो वह हंस दृष्टि प्राप्त कर लेता है।

हंस दूध और पानी को अलग कर देता है क्योंकि उसकी जीभ में एक आम्ल पदार्थ होता है। जो हंस हो, वह मोती चरे। बगुला बनना जीवन की सबसे बडी हार है।

एक रूपक बडा सुन्दर है। मानवों में एक बार भयंकर लडाई होने पर नारदाजी ब्रह्मा के पास पहुँचे और विवरण प्रस्तुत करते हुए उपाय का निवेदन किया। ब्रह्माजी ने मनुष्यों के हाथ-पाँव स्तंभित कर दिये। पर जब तक मन की कुटिलता न मिटे तब तक कैसे शांति की बंशी बजे?अब लोग दुष्ट-तुच्छ भाषा का प्रयोग करने लगे।

नारदजी के निवेदन पर ब्रह्मा ने मानवों की वचन-संपदा छीन ली। अब भी समाधान न हुआ क्योंकि वे आँखों से व्यंग्य, क्रोध और मान के तीर चलाने लगे।

इस बार नारदजी ने कहा कि मनुष्यों की आँखें फोड़ दो तब ब्रह्माजी ने कहा कि यह संभव नहीं क्योंकि इससे सृष्टि अस्त-व्यस्त हो जायेगी।

नारदजी ने कहा-तो फिर तीसरा नेत्र दे दीजिये। ब्रह्मा ने कहा-मैं तीसरा चक्षु पहले ही दे चुका हूँ जिसका नाम

है–विवेक।

कब, कहाँ, कैसे, क्यों, कितना खाना–पीना, देखना–बोलना–सुनना आदि इन सभी प्रश्नों का समुचित उत्तर विवेक में है।

भोजन मे अविवेक से अजीर्ण, तप में अविवेक से क्रोध, क्रिया में अविवेक से अहंकार आता है। अविवेक से ही सम्पन्न, बुद्धिमान होने पर भी रावण, दुर्योधन, कंस आदि दुर्गति के पात्र बने।

(iii) बने हमारी भाषा, प्रेम की परिभाषा

शब्द, शब्द ही नहीं है, वह सेतु भी बन सकता है और दीवार भी। वह ताला भी बन सकता है और चाबी भी।

शब्द घाव भी है और शब्द मरहम भी है।
शब्द गाली भी है और शब्द गीत भी है।
शब्द सन्नाटा भी है और शब्द संगीत भी है।

'अंधे का बेटा अंधा' इस वाक्य ने महाभारत की रचना की। तो सोचिये कि शब्द का तीर क्या–क्या नहीं कर सकता। कोयल न किसी को कुछ देती है, कौआ न किसी से कुछ लेता है, फिर भी एक प्रसन्नता का कारण और दूसरा निंदा का कारण बनता है। इसमे महत्त्वपूर्ण घटक भाषा ही तो है।

इस संसार में सर्वाधिक मधुर न द्राक्ष है, न ईक्षुरस है और न चीनी और मिष्ठान है। मधुर वचनों के साथ परोसी गयी घी बिना की रोटी भी परमानंद का अनुभव करवाती है जबकि कटु भाषा से दिया गया मधुर हलवा भी कडवा लगता है।

सारे संसार में नमक, नीम, करेले, मिर्ची आदि से भी हजारों–लाखों गुणा कटु, खारी और तीखी वाणी होती है।

हमारे शरीर में आँख, होंठ, कान, हाथ, पाँव, सब अंग–प्रत्यंग दो–दो हैं पर मुख एक है। इसका अर्थ है कि कम बोलना।

कम कहना सुनना अधिक, यह है परम विवेक।
इसलिये विधि ने दिये, दो कान मुँह एक।।

शल्य (कांटा) तो कुछ देर तक ही कष्ट देता है पर वाचा रूपी शल्य तो महाभयकारी होता है। वह भवोभव के लिये वैर–द्वेष–क्लेश का अनुबंध करवाता है।

वाणी–विवेक के सूत्रः

1. अंधे को अंधा, बहरे को बहरा, काणे को काणा आदि न कहना क्योंकि शस्त्रकारों ने अप्रिय सत्य बोलने का निषेध किया है।
2. किसी के कटु शब्द सुनने से हजारों वर्षो की तपस्या का फल मिलता है। कोई कटु बोले, तब सत्य हो तो खुद को बदलो और गलत हो तो चिन्ता न करो।
3. किसी की निंदा, बुराई, चुगली न करना।
4. भाषा व्यक्ति के व्यक्तित्व का प्रमाण है। लिखावट से पढाई का, स्वभाव से कुछ का बोध होता है, वैसे ही भाषा से व्यक्तित्व का ज्ञान होता है।
5. वचन तो रत्नों की दुकान है। जरूर हो, तभी खोलना, अन्यथा मौन की साधना से मुख–दुकान को मंगल रखना चाहिये।

याद रखना–

मधुर वचन है औषधि, कटु वचन है तीर।
श्रवण–द्वार से संचरे, साले सकल शरीर।।

इसके लिये परमात्मा वीर प्रदत्त भाषा समिति और वचन गुप्ति, इन दो उपायों को आजमाना चाहिये।

(iv) मुस्कानः खुशियों का (Glucon-D

Small life में Sweet Smile से बढ़कर कुछ भी तो नहीं।

सुख में मुस्कुराने वालों की कमी नहीं है पर जो दुःख में मुस्कुराते हैं, वे इतिहास के अमर दस्तावेज बन जाते हैं।

जीवन तो योगी की तरह जीना चाहिये जो वन में रहे या राजभवन में, जो छाया में चले या ताप में, मौन रहे या मुखर, भोजन करे या तप, हर समय सदाबहार मुस्कान उसके मुख पर तरंगित होती रहती हैं।

कार्यक्रमों से पाई गयी मुस्कान पल भर की होती है पर

अपने सदाचरण, संत-स्वभाव, संतोषी-जीवन, सौम्य-हृदय, मधुर-भाषा से पाया गया हँसी-खुशी का गुल-गुलजार न कभी मुरझाता है, न सूखता है।

इसके लिये चाहिये सकारात्मक चिन्तन की चाँदनी। नकारात्मक विचार नरक है और सकारात्मक भाव स्वर्ग है। पाँवों में जूते न हो तब दुःखी होने की बजाय विचार करो कि दुनिया में हजारों अपाहिज लोग भी हैं।

हमारे पास चश्मा नहीं है तो क्या हुआ, जब कि लाखों व्यक्तियों के पास रोशनी के दो नयन-दीपक भी नहीं हैं।

सूर्योदय के साथ यही मंत्र मन में धारण करना है-कैसी भी स्थिति-परिस्थिति हो, मैं सुखीराम ही बनूंगा। हजारों विपदाओं की आंधियों में भी मेरी चेतना में विश्वास की मशाल उजाला करती रहेगी।

ये चार पंक्तियाँ कितनी प्यारी हैं-

जिन्दगी पथ है, मंजिल की तरफ बढ जाने का
जिन्दगी गीत है, मस्ती भरकर गाने का।
असफलता पर निराश होना बुजदिली है,
जिन्दगी नाम है, तूफानों से टकराने का।।

जीवन में मुस्कान का उद्यान खिलाईये। किसी को फूलों का हार न दे सको तो भी कोई शिकायत नहीं पर हमेशा मुस्कान का अनूठा-मीठा रस होंठो पर सजाकर रखिये फिर बताइये ये कि कौन आपका मित्र नहीं बनता, अपना नहीं होता।

मुस्कुराईये जरूर, पर किसी की गलतियों पर नहीं।

(v) स्वर्ण और स्वर्ग से भी सुन्दर बने स्वभाव

भाव, प्रभाव और स्वभाव। भाव होता है सामान्य, प्रभाव होता है विशेष पर स्वभाव होता है अद्भुत, अनुपम और अप्रतिम।

स्वभाव से सफलता-विफलता का वास्ता है। सुन्दर रंग कुछ समय के लिये आकर्षित करता है, विराट् सन्पदा कुछ दिनों के लिये प्रभावित करती है पर मधुर, निर्मल, पवित्र, अहिंसक और परोपकारी स्वभाव सदा के लिये आकर्षण, प्रभाव और अपनत्व का कारण बनता है।

हम 365 दिनों तक सौन्दर्य को निखारने का प्रयास करते हैं पर मन को सजाना-सवांरना भूल जाते हैं।

यदि स्वभाव का मूल्य न होता आज भगवान महावीर, श्रीराम, श्रीकृष्ण आदि पूजनीया न होते।

ज्यादा दहेज या कम दहेज लाने से बहुरानी की इज्जत में फर्क नहीं आता, ज्यादा कमाने या कम कमाने से पुत्र योग्य-अयोग्य नहीं होते। मूल में सच्चे व अच्छे स्वभाव से ही लोग प्रेम, स्नेह और शांति को पाते हैं।

सुन्दर स्वभाव के रोचक Tips

1. अहंकारी नहीं, विनम्र बनना। अहंकार करने वाला फूलता है और जो फूलता है, वह फटता है। फलीभूत होने के लिये विनम्रता का ग्रीस जीवन के यंत्र में लगाते रहो।
2. कभी भी किसी के साथ दुष्टता, मायाचार और तुच्छता का व्यवहार न करो।
3. बुरे के साथ बुरा बनना बचपना है। बुरे के साथ अच्छा बनो एवं उसके प्रति बदले की नहीं, उसे बदलने की भावना रखो।
4. पद के मद का कद छोटा होता है। पद, पैसा व प्रतिष्ठा पाकर उपकारी, सहयोगी और प्रभु व गुरु को न भूले।
5. न्याय-पथ का अतिक्रमण न करो। ईमानदारी के चने बेईमानी के काजू से हजारों गुणा अच्छे होते हैं। निंदा व निर्धनता में भी धीर-गंभीर व्यक्ति निर्मलता बनाये रखते हैं।
6. परहित में सदैव तत्पर रहो पर प्रतिफल की कांक्षा न करो, जैसे बादल और वृक्ष। कहा भी गया। है-

   परहित सरिख धर्म नहिं भाई।
   परपीडा सम नहिं अधमाई।।
7. लोगों की नाराजगी की चिन्ता न करो। बुरे का डटकर प्रतिकार करोगे तो जटायु की तरह अमर हो जाओगे अन्यथा मौनी का समर्थन भी अनर्थ का ही कारण बनेगा। आज पाप-वर्धन का कारण पापियों की वाचालता ही नहीं, धर्मियों की मूकता भी है।

साहित्यकारों ने दिल को छू लेने वाली बबात कही है-

समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध।
जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनका भी अपराध॥

8. 'अमृतम् रसायनम् ज्ञानम्' ज्ञानार्जन के लिये सत्साहित्य का नियमित वाचन करे। इससे आत्मा के सुसंस्कारों का जागरण, पोषण, वर्धन और संरक्षण होगा।
9. पाप के प्रति घृणा रखे। पापी को बदलने का पुण्यार्थ करे। पाप-त्याग में आनंद का अहसास करें। याद रखें।

पाप छुपाये ना छिपे, छिपे तो मोटे भाग।
दाबी दुबी ना रहे, रुई लपेटी आग॥

10. विवेक को ताक पर रखकर किसी की भी मजाक न करे। आटे में चुटकी भर नमक डाला जाता है, न की मुट्ठी भर।

मसकरी दस दिनकरी, ज्यादा करी तो बीस।
तीस दिनों की मसकरी, कटा देती है सीस॥

11. संतोष को जीवन का सच्चा सुख माने। मम्मण के पास महावैभव होने पर भी वह दु:खी था पर संतोषी पूणिया श्रावक सदैव आत्मिक सुख का रसास्वाद करता था। संतोषी में दु:ख, उत्सुकता, शोक, भय, दीनता के विचार होते ही नहीं है।

न किसी के प्रभाव में जीयो।
न किसी के अभाव में जीयो,
यह जीवन आपका अपना है,
आप अपने स्वभाव में जीयो।

12. क्रोध कभी न करो। यह दिल से दिमाग तक हर अंग को कमजोर कर देता है। क्रोधी को क्षमा का उपहार दो, ताकि उसे परिवर्तन का अवसर मिले।

गुणी बनने के साथ, गुणानुरागी भी बने

गुणी बनना सरल है पर गुणारागी बनना विरल है। गुणों के बाग में यदि गुण-अनुराग, गुण-अनुवाद और गुण-स्वाद का गुण-पुष्प न खिले तो समझना चाहिये कि वह गुणी बिना मधुरता का रस गुल्ला है। शास्त्रों में कहा गया-

गुणरयणमण्डियाणं, बहुमाणं जो करेड़ सुद्दमणो।
सुलहा अन्नजम्मम्मि तस्स गुणा होंति नियमेण॥

जो गुणीजनों की नि:स्वार्थ-निर्मल मन से बहुमान, अभिनंदन और प्रशंसा करता है, वे गुण यदि उन्हें प्राप्त नहीं है, तो अगले जन्म मे उसे सुलभतया प्राप्त हो जाते हैं।

गुणों की प्रशंसा न कर पाने का एक मात्र कारण है-ईर्ष्या।

यह ईर्ष्या ही जलन-कुढन की आग में परिवर्तित होकर गुणों के बाग को राख कर देती है। ईर्ष्या के कारण स्वाध्यायी मुनि पीठ-महावपीठ भी अगले भव में स्त्री अवतार को प्राप्त हो गये।

अपने स्वभाव से श्री कृष्ण बनो, न कि कंस॥
अपने जीवन में युधिष्ठिर बनो, न कि दुर्योधन।

मिष्ठान छोडकर विष्ठा में मन को दे, वह सुअर। निर्मल सरिता के शुद्ध नीर को छोडकर गंदी नाली में चोंच दे, वह कौआ, वैसे दूसरों के गुणों को छोड़कर उनके दोषो को रटे, वह पापी, अधर्मी और अधम प्राणी।

हकीकत में व्यक्ति जिन कमियों को दूसरों में देखता है, वे सारे दुर्गुण उसमें भरे पड़े हैं।

एक व्यक्ति को ऐसा आईना मिला, जो दूसरों के सामने रखने पर उनके दोषों को प्रकट कर देता।

अब वह अहंकारी बनकर सभी के दोष देखता और उनका प्रचार करता।

जब संत के पास गया तो संत ने कहा कि भैया यह दर्पण अपने मन के सामने करो। ऐसा करते ही वह व्यक्ति डर गया, शर्मसार हो गया क्योंकि उसमें दूसरो की अपेक्षा हजारों गुणा दोष भरे हुए थे।

बुरा देखन जो चला, बुरा मिला न कोय।
जो दिल खोजा आपना, मुझसा बुरा न कोय॥

गुणों के कारण ही हंस-बगुले का, कोयल-कौवे का भेद होता है अन्यथा बाह्य आकृति से तो पण्डित भी धोखा

खा जाते है।

दोष पराया देखी करी, चलते हसंत हसंत।
अपनी याद न आवई, जा को आदि न अन्त॥

(vii) लक्ष्मी पुत्र बनने से पहले सरस्वती पुत्रा बनो..

आचार्य श्री जिनलाभसूरि द्वारा लिखित आत्म-प्रबोध ग्रन्थ का एक कथानक अतीव प्रेरणास्पद है।

एक व्यक्ति गरीबी के कारण अत्यन्त लाचार था। अन्ततोगत्वा वह एक देवी के ध्यान में निमग्र बना। देवी ने उस पर तुष्ट होकर कहा-वत्स! मैं तुम्हारी साधना से प्रभावित हूँ। बताओ, तुम्हें कामकुंभ को सिद्ध करने वाली विद्या का वरदान दूं अथवा कामकुंभ।

आलसी मानसिकता से उस भक्त ने कहा-देवी! आप मुझे कामकुम्भ प्रदान करें।

वह देवी तथास्तु कहकर अन्तर्धान हो गयी। कामकुंभ के दिव्य प्रभाव से गरीब अल्पावधि में ही धनवान बन गया। स्वजन एवं परिजन यह चमत्कार देखकर उसके पास पहुँचे और अमीरी का कारण पूछने लगे। देवी द्वारा प्रदत्त कामकुंभ का वृतान्त जानकर वे लोग कामकुम्भ-दर्शन के लिये उत्सुक बने।

अत्यन्त अहंकार, उत्साह, उमंग से भरकर वह भक्त कामकुम्भ को सिर पर रखकर नर्तन करने लगा। इस समय उसके सिर पर रखा हुआ कामकुम्भ भूमि पर गिरा और उसी समय कामकुम्भ से प्राप्त सारी सम्पत्ति लुप्त हो गयी। धनवान पुन: निर्धनता के शाप से ग्रस्त हो गया।

प्रस्तुत कथानक का स्पष्ट तात्पयार्थ यही है कि पदार्थ से विद्या हासिल नहीं हो सकती पर विद्या से मनोवांछित पदार्थ को पुन: पुन: प्राप्त किया जा सकता है।

शास्त्रों में कहा गया-'विद्या गुरूणां गुरु:' विद्या तो गुरुजनों की भी गुरु है।

विद्यार्जन के लिये मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम वशिष्ठ के चरणों में नत हुए। श्री कृष्ण ने गुरु सांदीपनी के चरणों की सेवा की। कुमारपाल राजा श्री हेमचन्द्राचार्य के भक्त बने।

विद्या व्यक्ति का संरक्षण करती है जबकि धन का रक्षण आदमी को स्वयमेव करना पडता है।

विद्या को न चोर चुरा सकता है, न राजा हरण कर सकता है। न भ्राता बंटवारा कर सकते हैं, न उसका कोई भार होता है। समस्त धनों में प्रधान विद्या-धन व्यय से लगातार बढता रहता है।

भाग्य-क्षय पर भी जो अक्षय रहे, यश, सुख, शान्ति, सम्मान देने वाली एक मात्र विद्या ही है।

अन्नदान से महान् अक्षर-दान है, जो जीवन भर प्रेम, समझ, विवेक और सदाचार का उजाला बांटता है।

अन्नदान है जीवन दान, पर अक्षर-दान है, जीवन-निर्माण। आईये! विद्या की नींव पर जीवन मंदिर की प्रतिष्ठा करें।

(viii) निराशा की निशा... आशा का दीपक

दु:ख जीवन का मरुधर है, तो सुख जीवन का मधुमास है।

जीवन यात्रा में उतार-चढाव, धूप-छाँव और सुख-दु:ख के पडाव हैं। जैसे मधुरता के बिना मिठाई का, प्यास के बिना पानी का एवं श्रम के बिना विश्राम का मूल्य समझ में नहीं आता, वैसे ही दु:ख के बिना सुख का स्वाद प्राप्त नहीं होता।

याद रखना-हर रात के बाद प्रभात है, अमावस के बाद पूर्णिमा है। दु:ख आये तब स्वागत करो क्योंकि वह तुम्हें उसी तरह परखने आया है जैसे आग पर सोने की परीक्षा होती है। किसी कवि ने कहा है-

गम की अंधेरी रात में,
तूं दिल को बेकरार न कर।
सुबह होगी जरूर,
तूं सुबह का इन्तजार कर।

यदि तुम्हें तीर्थंकरों, गणधरों एवं महापुरुषों की भाँति कलात्मक जीवन जीना है तो कष्ट की कसौटी का कुन्दन बनना होगा।

एक
प्रेरक कथा

मजदूर के जुते

संकलन – मुमुक्षु शुभम् लूंकड़, जोधपुर

एक बार एक अमीर आदमी अपने बेटे के साथ कहीं जा रहा था। तभी उन्हें रास्ते में एक जोड़ी पुराने जूते दिखे, जो संभवत: पास के खेत में काम कर रहे गरीब मजदूर के थे। मजदूर काम खत्म करके घर लौटने की तैयारी कर रहा था। तभी बेटे ने अमीर पिता से कहा कि पिताजी, क्यों ना इन जूतों को छिपा दें, मजदूर को परेशान देखकर बड़ा मजा आएगा।

आदमी ने गंभीर होकर कहा कि किसी का मजाक उड़ाना सही नहीं है। इसके बजाय क्यों ना हम इन जूतों में कुछ सिक्के डाल दें और देखें कि मजदूर पर क्या प्रभाव पड़ता है।

बेटे ने वैसा ही किया और फिर पिता-बेटे छिपकर मजदूर को देखने लगे। काम खत्म करके आए मजदूर ने जब जूते पहने तो उसे किसी कठोर चीज का आभास हुआ।

उसने जूतों को पलटा तो उनमें से सिक्के निकल आए।

मजदूर ने इधर-उधर देखा, जब उसे कोई नजर नहीं आया तो उसने सिक्के जेब में डाल लिए और बोला कि हे भगवान, उस अनजान सहायक का धन्यवाद जिसने मुझे यह सिक्के दिए। उसके कारण आज मेरे परिवार को खाना मिल सकेगा।

मजदूर की बातें सुनकर बेटे की आंखें भर आई और वह अपने पिता से बोला कि सच है लेने की अपेक्षा देना कहीं अधिक आनंददायी होता है।

किसी को कोई खुशी देने से बढ़कर और कोई सुख नहीं होता।

प्रियंका (करिश्मा) बोथरा के करिश्में ने बढाया गौरव

बाड़मेर शहर के आजाद चौक के मूल निवासी वर्तमान में पावरलूम नगरी ईरोड़ (तामिलनाडू) रहने वाले श्री अशोक कुमार बोथरा व श्रीमती जयमाला बोथरा की होनहार प्रतिभावान बेटी प्रियंका (करिश्मा) बोथरा ने संपूर्ण जैन समाज ही नहीं अपितु परिवार व जिले का नाम रोशन किया हैं।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से आयोजित सिविल सर्विस परीक्षा 2017 के परिणाम में प्रियंका का 106 वीं रैंक पर चयन हुआ हैं। दो भाईयों की इकलौती बहन प्रियंका ने फोन पर बताया कि जब वो ग्यारहवीं कक्षा में थी तो एक बार पापा ने कहा कि बेटी तुझे कलक्टर बनना हैं और वह पिता के इस सपने को साकार करने में जुट गई। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में सात पीढ़ियों में कोई सरकारी कर्मचारी नहीं बना और उसने आईएएस बनकर यह सपना साकार कर दिखाया। 24 साल की उम्र में आईएएस में चयनित प्रियंका बोथरा दूसरी बार परीक्षा देकर सफल हुई हैं। प्रियंका की स्कूल की पढ़ाई ईरोड़ और कॉलेज की पढ़ाई मुंबई में हुई। आईएएस की तैयारी दिल्ली में की। प्रियंका ने कहा कि वो चाहती हैं कि बाड़मेर की बेटियां उसकी तरह अपने सपनों को साकार कर आईएएस, आईपीएस और आरएएस बने।

प्रियंका बोथरा का परिवार तीस साल से ईरोड़ में हैं, लेकिन बाड़मेर से उनका नाता जुड़ा हुआ हैं। उनकी दादी व बड़े पापा का परिवार यहीं रहता हैं। प्रियंका के पिताजी व्यवसायी हैं। इनके बड़े पापा श्री लूणकरण बोथरा नगर परिषद् बाड़मेर के सभापति हैं। प्रियंका बोथरा के आईएएस में चयन होने पर परिजनों, शुभचिन्तकों व जहाज मन्दिर परिवार की और से बधाईयां देकर खुशी जाहिर की हैं।

समाचार दर्शन

एशिया की सबसे बड़ी कॉलोनी में गूंजा ॐ पुण्याहं पुण्याहं प्रियंतां प्रियंतां का मंत्र

श्रीमती चन्द्रकला पटवा, जयपुर

राज7स्थान की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर में 8 अप्रेल को पूज्य गुरुदेव खरतरगच्छाधिपति पुण्य प्रभावी आचार्य श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. पूज्य गणी मणिरत्नसागरजी म. मुनि मलयप्रभसागरजी म. आदि मुनि मंडल तथा प्रवर्तिनी सज्जनमणि श्री शशिप्रभाश्रीजी म.सा. आदि साधु साध्वी वृंद के मंगल प्रवेश के साथ महोत्सवों का महारंभ हुआ। इस महोत्सव श्रृंखला का समापन हुआ मानसरोवर प्रतिष्ठा महोत्सव से।

मानसरोवर यह एशिया खण्ड की सबसे विशाल कॉलोनी है। यहाँ जैनों के लगभग 800-900 घरों की बस्ती होने के बाद भी शिखरबद्ध जिनमन्दिर एवं दादावाड़ी का अभाव था।

आज से 22-23 वर्ष पूर्व जब बंगदेशोद्धारिका प.पू. प्रवर्तिनी शशिप्रभा श्रीजी म.सा. वर्षो बाद पुनः जयपुर पधारे। तब उनकी पावन प्रेरणा से दिल्ली निवासी श्री मनीषजी महेन्द्रजी भंसाली द्वारा दादावाड़ी निर्माण हेतु भूमि अर्पण की गई। अनेक समस्याओं के कारण तब कार्य आगे नहीं बढ पाया। पूज्यवर्या श्री की पुनः पुनः प्रेरणा से संघ का उत्साह बढा एवं यह कार्य पूर्णता के शिखर पर आरूढ हुआ। दादावाडी पूर्णता का आकार ले चुकी है एवं जिनालय भी शीघ्र ही संपूर्णता को प्राप्त करेगा ऐसा विश्वास है।

दादावाडी के निर्माण में विविध धार्मिक संस्थाओं, स्थानीय संघों एवं दानदाताओं से उदार हृदय से सहयोग मिला।

त्रिदिवसिय प्रतिष्ठा महोत्सव में जनमेदिनी का अप्रतिम उत्साह रहा, प्रथम दिन कुंभ स्थापना, दीपक स्थापना, नवग्रहपूजन, दश दिक्पाल पूजन, अष्टमंगल पूजन आदि विधान यशवंतजी गोलेछा द्वारा करवाए गए। इसी के साथ 18 अभिषेक का आयोजन भी 21 अप्रैल को हुआ। दूसरे दिन गच्छाधिपति प.पू. जिन मणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा.

अतिप्राचीन महाचमत्कारी

श्री अवन्ति पार्श्वनाथ तीर्थ

के शास्त्र शुद्ध जीर्णोद्धार में लाभ लीजिये

पूज्य आचार्यश्री की प्रेरणा से मूलनायक परमात्मा का उत्थापन किये बिना शास्त्रशुद्ध जीर्णोद्धार हो रहा है। नूतन मंदिर निर्माण से जीर्णोद्धार में आठ गुणा फल शास्त्रकार भगवंतों ने बताया है। यह जीर्णोद्धार तो आचार्य भगवंत श्री सिद्धसेनदिवाकर द्वारा कल्याण मंदिर स्तोत्र की रचना द्वारा शिवलिंग में से प्रकट हुए एक अतिप्राचीन महा प्रभावशाली तीर्थ का हो रहा है। जीर्णोद्धार कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इसमें आपके सहयोग की अपेक्षा है

1,11,111.00 की राशि अर्पण कर जीर्णोद्धार सहभागी के रूप में संगमरमर की पट्टिका में अपने परिवार के दो नाम अंकित करवाकर महान् पुण्य लाभ प्राप्त करें।

संपर्क सूत्र

श्री अवन्ति पार्श्वनाथ तीर्थ जैन श्वे. मारवाड़ी मूर्तिपूजक समाज ट्रस्ट

श्री अवंति पार्श्वनाथ चौक, दानी गेट, पो. उज्जैन-456 006 म. प्र.

फोन : (0734) 2555553 / 2585854

अध्यक्ष - हीरालाल छाजेड़-94068 50603, सचिव-चन्द्रशेखर डागा-94250 91340

जीर्णोद्धार समिति अध्यक्ष : पुखराज चौपड़ा-94251 95874

बैंक खाता - बैंक ऑफ बड़ौदा, उज्जैन (खाता नं. 05050100007820 / IFSC CODE-BARBOUJJAIN)

भारतीय स्टेट बैंक, उज्जैन (खाता नं. 63041232720 / IFSC - SBIN0030062)

के पुण्य प्रभाव से प्रात: 8.30 से लेकर 1.30 बजे तक अनवरत 'जय गुरुदेव' की जयकार से सम्पूर्ण समारोह गुंजायमान हो गया।

बाहर से भी अनेक गुरुभक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस मंगल अवसर पर खरतरगच्छ युवा परिषद जयपुर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह चतुर्विध संघ की साक्षी में हुआ। अ.भा. के.युप. के अध्यक्ष रतनजी बोथरा दिल्ली, एवं अ.भा. खरतरगच्छ प्रतिनिधि महासभा के अध्यक्ष श्री मोतीचंदजी झाबक (रायपुर) वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विजयराजजी डोसी (बैंगलोर), महामंत्री संतोषजी गोलेछा (रायपुर) ने उपस्थिति देकर संघ का उत्साह बढाया।

धर्मसभा में जन प्रतिबोध देते हुए पुण्यसम्राट् गुरुदेव श्री ने संघरत्ना प.पू. शशिप्रभा श्रीजी म.सा. को शासन कार्यों के लिए बधाई एवं साधुवाद किया। आपश्री ने अत्यन्त उदार हृदय से खरतरगच्छ के साध्वी समुदाय द्वारा हो रही शासन प्रभावना की अनुमोदना की। मानसरोवर संघ को भी आपश्री ने शीघ्रातिशीघ्र जिन मन्दिर पूर्ण कर प्रतिष्ठा करने का निर्देश दिया।

इस कार्य में तन-मन-धन से सहयोग देने हेतु महेशजी महमवाल एवं चन्द्रकलाजी पटवा की विशेष अनुमोदना की गई।

बालमुनि श्री मलयप्रभसागरजी म. के दीक्षा दिवस ने इस प्रसंग को संयममय बना दिया। साध्वी मण्डल एवं श्री संघ द्वारा उनके लिए मंगल भावनाएं की गई।

दादावाडी में मूलनायक जिनकुशलसूरि गुरुदेव की प्रतिमा भराने व बिराजमान करने का लाभ श्रीयुत सोभागमलजी श्रीमती शांतादवी लोढ़ा, परिवार टोंक वालों ने लिया।

दादा श्री जिनदत्तसूरि का लाभ श्री उग्रसेनजी, हुकमचंदजी, ज्ञानजी संकलेचा, मालपुरा वालों ने तथा दादा मणिधारी श्री जिनचन्द्रसूरि का लाभ श्री एम के जैन परिवार जयपुर वालों ने लिया।

दादा श्री जिनचन्द्रसूरि का लाभ पूज्य गणी श्री मणिरत्नसागरजी म. के शिष्य पूज्य मुनि श्री मेरूरत्नसागरजी म. के गृहस्थ परिवार मोहनलालजी किशोर कुमारजी बोथरा, बाडमेर ने लिया।

वार्षिक ध्वजा का लाभ कंचनदेवी अमरचंदजी जैन ने, मुख्य कलश सुरेन्द्रजी रामपुरिया ने तथा गुरु पूजन का लाभ पारसजी अशोकजी गांधी ने लिया। कामली का लाभ राजेन्द्रजी संचेती व अनूपजी पारख परिवार ने लिया।

फार्म - 4 (नियम 8 देखिए)

1. प्रकाशक स्थान	-	माण्डवला, जिला जालोर (राज.)
2. प्रकाशन अवधि	-	मासिक
3. मुद्रक का नाम	-	डॉ. यू. सी. जैन
(क्या भारत का नागरिक है?)	-	हाँ
(यदि विदेशी है तो मूल देश)	-	नहीं
पता	-	जहाज मंदिर, माण्डवला, जिला-जालोर
4. प्रकाशक का नाम	-	डॉ. यू. सी. जैन
(क्या भारत का नागरिक है?)	-	हाँ
(यदि विदेशी है तो मूल देश)	-	नहीं
पता	-	जहाज मंदिर, माण्डवला, जिला-जालोर
5. सम्पादक का नाम	-	डॉ. यू. सी. जैन
(क्या भारत का नागरिक है?)	-	हाँ
(यदि विदेशी है तो मूल देश)	-	नहीं
पता	-	जहाज मंदिर, माण्डवला, जिला-जालोर
6. उनके नाम व पते जो समाचार पत्रों के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के 1% से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों।		श्री जिनकांतिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट, माण्डवला, जिला-जालौर (राज.)

मैं डॉ. यू. सी. जैन, जहाज मंदिर, माण्डवला, जिला-जालोर (राज.) द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

डॉ. यू. सी. जैन

दिनांक : 5.5.2018

प्रकाशक के हस्ताक्षर

सपना हुआ साकार मन्दिर को मिला आकार

कटला मन्दिर प्रतिष्ठा...एक अविस्मरणीय आयोजन

महावीर डागा–जयपुर

अखिल विश्व में गुलाबी नगरी के नाम से प्रसिद्ध राजस्थान की हृदयस्थली जयपुर... जिनशासन प्रेमियों की विशेष साधनास्थली रही है। इसी रत्नप्रसूता भूमि की एक दिव्यरत्न है 'आगमज्योति प.पू. प्रवर्त्तिनी श्री सज्जन श्रीजी म.सा.! आज वह रत्न तो विलीन हो गया, पर उनकी कृतियों की आभा इस वसुधा को आज भी आलोकित कर रही है।

उसी आलोक का ऊर्जा उत्सव अर्थात् कटला मन्दिर अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव! वैशाख मास की पतझड़ को इस उत्सव ने मानो सावन की रिम झिम में परिवर्तित कर दिया। सम्पूर्ण पृथ्वी को धर्म से शस्य शामला सुजला सुफला कर दिया।

इस प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त शासन सम्राट् पुण्य प्रभावी, सहजता, सरलता के सुमेरू पूज्य गुरुदेव गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. का अपने शासन प्रभावक प.पू. मनितप्रभसागरजी म., प.पू. समयप्रभसागरजी म., पू. विरक्तप्रभसागरजी म., पू. श्रेयांसप्रभसागरजी म., पू. मलयप्रभसागरजी म. आदि मुनि मण्डल तथा संघ हित चिन्तिका प.पू. प्रवर्तिनी श्री शशिप्रभा श्रीजी म.सा., प.पू. दिव्यदर्शना श्रीजी म. पू. सम्यग्दर्शनाश्रीजी म. आदि साध्वी मण्डल तथा प.पू. सुरेखा श्रीजी म.सा. आदि आर्यामण्डली के साथ 8 अप्रैल को मंगलमय प्रवेश शिवजीराम भवन जौहरी बाजार में हुआ। 17 वर्ष बाद गुरुदेवजी के आगमन को मात्र जैन समाज ने ही नहीं अपितु सकल आर्य समाज सह प्रकृति ने भी वर्धापना की।

रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर शोभायात्रा हजारों भक्त समुदाय के साथ जौहरी बाजार पहुँचा। इस अवसर पर विविध जैन संघों के प्रमुखों के साथ गुर्जर, सिख, माहेश्वरी, आदि विविध समुदायों के प्रमुख एवं अनेक प्रशासन अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रतिष्ठा की पत्रिका का भी लोकार्पण हुआ। पूज्य आचार्य श्री ने सभी को एकसूत्र में बंधने का संदेश दिया। साध्वी मण्डल एवं श्री संघ ने गुरुदेव श्री के आगमन पर अपने मनोभाव अभिव्यक्त किए।

इस प्रवेशोत्सव ने एक उत्सव-श्रृंखला का रूप लिया। 9 अप्रैल को जवाहरनगर संघ में गच्छाधिपति गुरुदेव श्री का प्रवेश एवं प्रवचन हुआ।

10 अप्रैल को आचार्य श्री के भक्त प्रतिष्ठित श्रावक कुसुमदेवी मुन्नीलालजी डागा परिवार के गृहांगण में पूज्य गुरुदेव एवं गुरुवर्या श्री का पदार्पण हुआ। भव्यरूप से दादा गुरुदेव की पूजा पढाई गई।

11 अप्रैल को खरतरगच्छ संघ के अध्यक्ष प्रकाशजी लोढा एवं अन्य घरों में पगले करते हुए श्रीमाल सभा के अध्यक्ष सुनिलजी महमवाल के यहाँ पूज्यश्री पधारे, वहाँ से प्रारंभ होकर जुलूस मोतीडुंगरी रोड़ स्थित दादावाडी पहुँचा। वहाँ पर भी गुरुदेव श्री का मंगल प्रवेश, प्रवचन एवं दोपहर में गुरुदेव की पूजा रखी गई।

संध्या में गुरुदेव श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा वहाँ से मोहनबाडी पधारे। मन्दिर एवं दादावाडी के साथ वहाँ पर खरतरगच्छ की अनेक महान् विभूतियों का समाधि स्थान है।

पू. गुरुवर्या श्री सज्जन श्रीजी म.सा. की भी समाधि वहीं पर है। वहाँ से 12 अप्रैल को देराऊर दादावाडी में आचार्य देवेश का आगमन साध्वी मण्डल के साथ हुआ तथा दादा गुरुदेव की पूजा आयोजन हुआ।

देराउर ट्रस्ट ने अनेक निर्णय गुरुदेवश्री की आज्ञा से लिए।

13 अप्रैल को गोलेछा गार्डन से प्रतिष्ठा महोत्सव स्थल पर श्रमण-श्रमणी संघ का प्रवेश खरतरगच्छ सघं एवं सुमति कुशल सज्जन ट्रस्ट द्वारा करवाया गया। इसी के साथ प्रारंभ हुआ अजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव का दिव्यनाद!

पूज्य आचार्य श्री के शुभ परमाणुओं से भक्तिमय बने जयपुरवासी चुम्बक से लोह पिण्ड की भांति आकर्षित होकर वहाँ स्तंभित हो चुके थे।

महोत्सव के पहले दिन कुंभस्थापना, दीपकस्थापना, जवारारोपण, जलयात्रा विधान, माणकस्तंभारोपण, भैरव पूजन, नंद्यावर्त पूजन दूआदि विविध पूजन सम्पन्न हुए।

दूसरे दिन पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ हुआ। संगीत सम्राट् नरेन्द्र वाणीगोता ने संगीत की स्वर लहरियों से महोत्सव का आगाज किया। चौदह स्वप्नों का दर्शन कराया गया। दोपहर में भक्तामर महापूजन का आयोजन किया गया।

15 अप्रेल को जन्म कल्याणक विधान व महोत्सव किया गया। पूज्य गुरुदेवश्री का मार्मिक प्रवचन हुआ। पूज्यश्री ने जैनत्व आचार पर जोर दिया। दोपहर में श्री पार्श्वपद्मावती महापूजन का आयोजन किया गया।

16 अप्रेल को प्रियंवदा द्वारा बधाई, नामकरण, पाठशाला गमन आदि कार्यक्रम संपन्न हुए। दोपहर में पंच कल्याणक पूजा पढाई गई।

महोत्सव के पांचवें दिन विवाह आदि के कार्यक्रम संपन्न हुए। दोपहर में शान्तिनाथ पंच कल्याणक पूजा एवं शाम को 'सज्जन जीवन गाथा' इस नाटिका की प्रस्तुति आगम ज्योति प.पू.प्रवर्तिनी श्री सज्जनश्रीजी म.सा. के जीवन पर की गई।

वाटिका की जीवन्त प्रस्तुति जो सभी को मन्त्र मुग्ध करते हुए पूज्याश्री के जीवन से परिचित करवाया। नाटक में लाभार्थी परिवार द्वारा लकी ड्रा के माध्यम से जन उत्साह भी बढाया गया।

18 अप्रेल के दिन दीक्षा कल्याणक का भव्य वरघोडा निकाला गया। सफेद वस्त्रों में श्रावक वर्ग एवं चुनरी में महिलाओं की कतारबद्ध पांक्तियां अनूठी लग रही थी। वरघोडा बडे मन्दिर से प्रारंभ होकर सांगनेरी गेट होते हुए चतुर्विध संघ के साथ कटला मन्दिर पहुँचा। तत्पश्चात धर्मसभा में उमडी जनता को सम्बोधित करते हुए गुरुदेव श्री ने जीवन में संयम का महत्व बताया।

सज्जन नियमांजली प्रतियोगिता के परिणामों की उद्घोषणा की गई। किस विध किजे प्रभु से प्रीत ओपन बुक एक्जाम की उद्घोषणा हुई। इसी के साथ पू. साध्वी डॉ. सौम्यगुणा श्रीजी म. द्वारा लिखित गुण समृद्धि के शिखर पर सम्यक्त्व साधिका (काव्यात्मक प्रस्तुति) साध्वी सम्यक्प्रभा श्रीजी म. द्वारा लिखित समाधि पाथेय, द्वादश तपोविधि, यथानाम तथा गुण धारिका' जिसके लेखन में पू. साध्वी संवर बोधिश्रीजी म. का विशेष योगदान रहा तथा मुमुक्षु शिल्पा द्वारा लिखित 'सतद्धित-समास कुंचिका' पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। शासन रत्न मनोजजी हरण द्वारा धर्म सभा का संचालन करते हुए शेष चढावे करवाए गए।

तत्पश्चात् दीक्षा कल्याणक की शानदार प्रस्तुति हुई।

बाद में वर्षीतप के तपस्वी श्री डायालालजी गोलेछा जीवाणा, श्रीमती मधुबेन गोलेच्छा जीवाणा, श्रीमती मीनाजी अनिलजी बैद इन्दौर का वर्षीतप पारणा हुआ। बाद में रत्नत्रयी पूजा का आयोजन हुआ। सन्ध्या में कुमारपाल राजा की आरती का कार्यक्रम रखा गया।

प्रतिष्ठा एवं अंजनशलाका के पल और अधिक समीप आ चुके थे मात्र एक दिन शेष रहा परमात्मा के पदार्पण में। आचार्य श्री के पुण्य प्रभाव एवं साधना शक्ति से महोत्सव निर्विघ्न सम्पन्नता की ओर अग्रसर था। प.पू.प्र. श्री शशिप्रभा श्रीजी म.सा. श्री गुरुभक्ति कटला मन्दिर के भव्य स्वरूप में साकार हो रही थी। हर्षाश्रु उनकी आखों से छलक रहे थे गुरु स्मृति में। सभा को संबोधित करते हुए पूज्याश्री ने कहा– गोलेछा परिवार द्वारा पूज्याश्री के दीक्षा उत्सव पर एक छोटे से घर मन्दिर की प्रतिष्ठा की गई थी।

दिल्ली आगरा राजमार्ग पर स्थित होने से यह जिनालय जनश्रद्धा का केन्द्र बना। 40-45 वर्ष तक नथमलजी दिवान के पुत्र एवं पौत्रों द्वारा इसे संभाला गया। तदुपरान्त खरतरगच्छ संघ को यह मन्दिर एवं कुछ अतिरिक्त जमीन एवं दुकानें अर्पित की गई। गुरुवर्या श्री के जीवन से जुडी इस रचना को चिरस्थायी बनाने एवं इसे विशाल रूप देने हेतु इसका जीर्णोद्धार करवाया गया। पूर्व में अनेक समस्याओं का सामना करना पडा जिसमें बडी समस्या थी पुरानी दुकानों को खाली करवाना। प्रेमचंदजी विनयचंदजी धांधिया की सुझबुझ से यह कार्य सम्पन्न हुआ।

सन् 2013 में सुमति कुशल सज्जन सेवा ट्रस्ट ने खरतरगच्छ संघ की आज्ञा से यह कार्य अपने हाथ में लिया। ट्रस्ट मण्डल के साथ मुन्नीलालजी डागा परिवार का भी इसमें विशेष योगदान रहा। श्री फतेहसिंहजी बरडिया की दीर्घदृष्टि सुझबुझ एवं शासन समर्पण इस मन्दिर निर्माण का विशेष आधार है।

पूज्याश्री ने सभी सहयोगियों को इस अवसर पर साधुवाद दिया। 'संकल्प में ही सिद्धि का वास है' इस भक्ति की सार्थकता 18 अप्रैल को रही थी।

19 अप्रैल प्रतिष्ठा का मंगल दिवस प्रात: 3.30 बजे परमात्मा का अंजनविधान प्रारंभ हुआ। लोगों की भीड़ से मन्दिर का प्रांगण खचाखच भर चुका था। लगभग डेढ घंटे तक चले अंजन विधान के पश्चात् गुरुदेव श्री ने परमात्मा के केवल ज्ञान कल्याणक के प्रतीक रूप में धर्म देशना दी। ऐसाह आभास हो रहा था मानो साक्षात परमात्मा की देशना समवसरण से प्रवाहित हो रही हो। वही मुद्रा.. वही स्थिरता... वही गांभीर्य... इसीलिए आगमों में 'तित्थयरसमो सूरि' कहा है।

प्रात: 8.30 बजे प्रतिष्ठा विधान

आदिनाथ जिनालय (कटला मन्दिर) के पुण्यशाली लाभार्थी

0 जिनमन्दिर एव दादावाडी के भूमिदाता– आगमज्योति गुरुवर्या श्री सज्जन श्रीजी म.सा. का गृहस्थ परिवार (ससुराल) श्री नथमलजी राजमलजी गोलेछा

0 कायमी ध्वजा– श्री तिलोकचन्दजी पिस्तादेवी गोलेछा, जयपुर

0 मुख्य कलश– श्री चन्द्रप्रकाशजी प्रकाशजी लोढा, जयपुर

0 मंडप कलश– श्री कुशलचंदजी, विमलचंदजी सुराणा

0 मूलनायक मुनिसुव्रत स्वामी की मूर्ति भराना– सरदारमलजी नरेन्द्रकुमारजी गोलेछा जयपुर व दिल्ली

0 मूलनायक प्रतिष्ठा– श्री मुन्नीलालजी कुसुमदेवी डागा

0 दादावाडी निर्माण के विशिष्ट सहयोगी– श्री मुन्नीलालजी, महावीरजी गौतमजी, संजयजी डागा परिवार, जयपुर

0 मूलनायक श्री जिनकुशल गुरुदेव की प्रतिमा भराना, प्रतिष्ठा एवं परिकर– श्री शान्तिलालजी, राजेशजी, रोनकजी रोहनजी डागा, जयपुर

0 श्री जिनकुशल गुरुदेव की छवरी– श्रीमती माणकबाई गुमानमलजी मालू

0 अमर ध्वजा– श्री कीर्तिकुमारजी नितिनजी दुग्गड

0 मुख्य कलश– चन्द्रप्रभाजी सुनीलजी बेंगानी

0 मन्दिर द्वारोद्घाटन– श्री विजयकुमार जी अजयजी गोलेछा, जयपुर

0 दादावाडी द्वारोद्घाटन– श्री बाबुलालजी डोसी, चौहटन

0 पंचकल्याणक महोत्सव– राजेन्द्र कुमारजी, संजयजी, प्रदीपजी रूपेशजी पंसारी, जयपुर

प्रारंभ हुआ। आचार्यश्री ने कहा- परमात्मा को हृदय में स्थापित करने हेतु सब सज्ज हो जाओ। मन मन्दिर में एवं जीवन के हर आचरण में जिनाज्ञा को लाना है।

गुरुदेव एवं गुरुवर्या श्री सान्निध्य में विधिकारक मनोजजी हरण, तुषार भाई एवं नरेन्द्र भाई वाणीगोता द्वारा शुभ वेला में ॐ पुण्याहं पुण्याहं ॐ प्रीयन्तां प्रीयन्तां की गूंज के साथ परमात्मा प्रतिष्ठित हुए। सर्वत्र खुशियों का माहौल छा गया। जयनाद से सारा कटला प्रांगण गूंज उठा। वर्षों का स्वप्न साकार हुआ।

प्रतिष्ठा के बाद आचार्य श्री की धर्मसभा हुई। गच्छाधिपतिजी ने, प्रवर्तिनीजी एवं श्री संघ को महोत्सव की निर्विघ्न पूर्णता पर बधाई दी। बालमुनि मलयप्रभसागरजी ने राग दरबारी में पार्श्व चिन्तामणि मेरो... की प्रस्तुति देकर समस्त राजगृही दरबार को भक्तिमय कर दिया। दोपहर में अष्टोत्तरी शान्ति स्नात्र का आयोजन हुआ। चैन्नई, बैंगलोर, कलकत्ता, अजीमगंज, दिल्ली दुर्गापुर, आकोला, टाटानगगर, सूरत, बाडमेर, चौहटन, जगदलपुर, हैदराबाद, इन्दौर एवं आस-पास के विविध स्थानों से तथा देश के कोने कोने से पधारे धर्म श्रद्धालुओं ने महोत्सव को अधिक ऊर्जामय बनाया।

20 अप्रैल महोत्सव की समापन वेला में प्रात: काल में मन्दिर प्रतिष्ठा के पश्चात् प्रथम द्वारोद्घाटन का अवसर परमात्मा के प्रथम दर्शन हेतु सब लालायित थे। दीवान नथमलजी गोलेच्छा परिवार द्वारा मंदिर का द्वार खोला गया। बाबुलालजी डोसी परिवार ने दादावाडी का द्वारोद्घाटन किया। गुरुदेवश्री के साथ चैत्यवंदन करते हुए चतुर्विध संघ आनंदित था। तत्पश्चात् सतरह भेदी पूजा एवं गुरुदेव की पूजा का आयोजन हुआ।

वर्षी तप के पारणे संपन्न

